# मैं इस तपती धूप में आपसे यह कहने आया हूं कि देश बदल रहा है: उपराष्ट्रपति

## धनखड़ ने मूंगफली अनुसंधान केंद्र व शुष्क बागवानी प्रशिक्षु गृह का किया लोकार्पण

**नवज्योति, बीकानेर।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को बीकानेर में एक सभा में लोगों से कहा, मैं इस तपती धूप में आपसे यह कहने आया हूं कि देश बदल रहा है और आपकी बदौलत हिंदुस्तान बहुत आगे जा रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बीकानेर में क्षेत्रीय मूंगफली अनुसंधान केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत नंबर एक पर होगा। उन्होंने कहा कि मैं भारत की संसद में गरीबों, पिछड़ों व किसानों की आवाज उठाने के लिए बैठा हूं, उसमें कोई कमी नहीं आएगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सितंबर 2022 में भारत दुनिया की पांचवी आर्थिक महाशक्ति बन गया है और हमने अंग्रेजों को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। यह उपलब्धि किसानों और मजदूरों की मेहनत की बदौलत हासिल हुई है। देश के किसान और मजदूर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री की सोच किसान और मजदूर के कल्याण पर केंद्रित है, किसानों का विकास उनका प्रमुख उद्देश्य है। उपराष्ट्रपति ने देश की अर्थव्यवस्था की विकास गति की सराहना करते हुए कहा कि आज से 10 वर्ष पहले हम दुनिया की पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे और आज हम दुनिया की सबसे शक्तिशाली पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं, इस महान उपलब्धि का श्रेय हमारे किसान और मजदूर भाइयों को जाता है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने आईसीएआर-केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के प्रशिक्षु गृह का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के अपने शिक्षक जी. एस. आचार्य से बीकानेर में भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया। वे बीकानेर में रह रहे सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के अन्य सदस्यों से भी मिले। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल, सांसद कैलाश चौधरी, मूंगफली अनुसंधान संस्थान के संस्थान के महानिदेशक, कृषि वैज्ञानिक, विद्यार्थी व अन्य कई गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या किसान उपस्थित रहे।

**मूंगफली की हो ब्रांडिंग:** उपराष्ट्रपति ने बीकानेर की नमकीन, भुजिया और रसगुल्ले की तारीफ करते हुए मूंगफली ब्रांडिंग की बात कही उन्होंने कहा कि बीकानेर की मूंगफली की ब्रांडिंग की जाएगी और यह काम मैं अर्जुन राम मेघवाल को सौंपता हूं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि मूंगफली की ब्रांडिंग का काम यहां से शुरू होना चाहिए और इस क्षेत्र में व्यापार की बहुत सी संभावनाएं हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मूंगफली को बादाम और काजू से ज्यादा पसंद किया जाता है और इसमें बहुत से पोषक तत्व होते हैं।

**केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की तारीफ:** लोकार्पण के मौके पर बीकानेर के सांसद और संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की तारीफ करते हुए कहा कि अर्जुन राम मेघवाल ने भारत की संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि आपके इस सपूत ने देश की आधी आबादी को उनके हक दिलाने के लिए इतिहास रच दिया है, ऐसा इतिहास जिसका लोगों को वर्षों से इंतजार था, जो काम और कई लोग नहीं कर पाए वह काम मेघवाल ने करके दिखाया है।

**सांसद कैलाश चौधरी के काम को सराहा:** उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम में उपस्थित सांसद कैलाश चौधरी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब कैलाश चौधरी कृषि राज्यमंत्री थे तब प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ में बाजरा के महत्व को दुनिया के सामने रखा। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित कराया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज देश के प्रतिष्ठित होटल भी अपने व्यंजनों की सूची में मोटे अनाज से बने व्यंजनों को प्रमुखता से शामिल कर रहे हैं, और यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**लाल बहादुर शास्त्री के उपवास रखने के आह्वान को याद किया:** उपराष्ट्रपति ने 60 के दशक में देश में अनाज संकट के दौरान भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के उस आह्वान को याद किया जिसमें उन्होंने देश के नागरिकों से एक दिन का उपवास करने का आह्वान किया था।



### जी-20 की अध्यक्षता की सफलता पर जताई प्रसन्नता

उपराष्ट्रपति ने जी-20 की अध्यक्षता की सफलता की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने वह करके दिखाया जिसकी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी। भारत ने सफल कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि जी-20 के की अध्यक्षता में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में दुनिया के नेताओं को मोटे अनाज से बने हुए व्यंजन परोसे गए। जी-20 जैसे वैश्विक कार्यक्रमों में मोटे अनाज से बने व्यंजनों का परोसा जाना, किसान के लिए एक सम्मान की बात है।

दैनिक भास्कर

बीकानेर 28-09-2023

# उपराष्ट्रपति एवं केंद्रीय मंत्रियों से मिले महेश व्यास

**बीकानेर|** भाजपा नेता महेश व्यास ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ एवं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र स्थित क्षेत्रीय मूंगफली अनुसंधान केंद्र तथा केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के प्रशिक्षु गृह का लोकार्पण के सिलसिले में यहां आए थे। महेश व्यास ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी से भी मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व महेश व्यास ने लालगढ़ स्थित होटल में अपने समर्थकों के साथ संसदीय मंत्री तथा प्रदेश प्रभारी प्रहलाद जोशी से मुलाकात की और बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ओर से अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत की।



